

एक नजर में

## काव्य संग्रह,पुस्तक का लोकार्पण



**सरदारपुर** । डॉ .अर्चना त्रिवेदी की प्रथम काव्य कृति अंतर्निहित का लोकार्पण प्रेस क्लब इंदौर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ विकास दवे , कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ पद्मा सिंह, साहित्य मंत्री श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति , विशेष अतिथि एवं चर्चाकार डॉ पुष्पेन्द्र दुबे,शोध मंत्री श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, वरिष्ठ अभिभाषक व गांधीवाद विचारक श्री अनिल त्रिवेदी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। स्वागत भाषण अतुल त्रिवेदी द्वारा किया गया, अतिथि परिचय डॉ श्वेता ,वंदना उपाध्याय,, एवं प्रतिक-प्रवर श्रोत्रिय द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मातृशक्ति श्रीमती कृष्णा श्रोत्रिय, श्रीमती आशा पुरोहित, श्रीमती कृष्णा शर्मा, श्रीमती किरण शर्मा का सम्मान किया गया ।श्री विनायक प्रकाशन के प्रकाशक श्री मुकेश? इंदौरी का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विकास दवे ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य अकादमी ऐसे नवोदित रचनाकारों को सामने ला रहे है ,जो नेपथ्य में रहकर काम कर रहे थे , जिन्होंने स्वांत: सुखाय卐 परिस्थितिवश व पारिवारिक संघर्षों से निकलकर के कलम को थामा। आपने कहा साहित्य समाज का दर्पण है पर दुर्भाग्य से साहित्य के नाम पर जो विकृतियां परोसी जा रही है ।वह चिंतनीय है । साहित्य जगत में नकारात्मकता की चर्चा सकारात्मकता व समाधान के साथ करना चाहिए ।आपने जीवन में पांच% स्व% के %बोध % को जागृत करने पर केन्द्रित किया, भाषा, भूषा , भवन? ,सात्विक भोजन? व भजन में %स्व %का बोध होना चाहिए। वर्तमान में जीवन मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है जो मानस जैसे ग्रंथों से प्राप्त होते हैं ।हम इसे लपेट कर सहेज कर रख देते हैं, बल्कि इसे नित्य पढ़कर इसके मूल्यों को जीवन में उतारे। क्यों कि मानस में हर समस्या का समाधान अंकित है। विशेष अतिथि एवं चर्चाकार डॉ पुष्पेन्द्र दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य समाज से जुड़ रहा है ये अच्छी शुरुआत है ।मन पर केन्द्रित, काव्यसंग्रह में सहज,सरल भावों में लिखित रचनाओं का संक्षेप में उल्लेख किया व कहा कि समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है उसको उन कविताओं में खोजा जा सकता है। आपने बच्चों में लुप्त हो रहे बालपन की अठखेलियों की भी चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ पद्मा सिंह ने कहा कि लेखन सार्थक व उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए ।लेखन में शब्दों से दोस्ती करना ही बहुत बड़ी बात है। कविता शब्दों का संगीत नहीं, आत्मा का नाद है। सभी के पास भाव है,तो अभिव्यक्ति का गुण भी आ ही जाता है। आपने कहा हम स्त्री के संघर्षों की हमेशा बात करते हैं लेकिन पुरुष हृदय में भी ममता होती है। इसलिए सबका अपना अपना विशिष्ट स्थान है।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अभिभाषक श्री अनिल त्रिवेदी जी का मर्मस्पर्शी उद्बोधन रहा, आपने अपनी मीठी मालवी भाषा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोगों ने व्यस्तता के तहत मिलना जुलना बंद कर दिया, तड़क भड़क में सादगी भूल गये ।संप्रेषण भी कम हो गया ।नयी पीढ़ी को अध्ययन करने का संदेश दिया क्योंकि अध्ययन से चिंतन व नई ऊर्जा मिलती है। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ दीपक शर्मा द्वारा किया गया। श्रीमती मंगला शर्मा ने आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में शहर के साहित्यकार ,चिकित्सक, व्यवसायी व शिक्षाविद उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला 10 सितंबर को आयोजित होगी



**धार** । भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए भाजपा जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक 10 सितंबर बुधवार को बदनावर विधानसभा के ग्राम कानवन शिव वाटिका में आयोजित की गई है। जिसमें संगठन संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम पार्टी जिला अध्यक्ष महंत श्री निलेश भारती एवं संगठन जिला प्रभारी श्याम बंसल भाजपा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि बैठक बुधवार सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष महंत भारती ने बताया की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए सुबह 11 बजे बैठक में कार्य योजना प्रारंभ की जाएगी। बैठक में अपेक्षित श्रेणी- सांसद, विधायक, पूर्व विधायक,प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष,मोर्चा, प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, नगर पंचायत/ जनपद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष,जिला पंचायत सदस्य, जिला एवं मंडल सेवा पखवाड़ा टोली सदस्य, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मोर्चा महामंत्री प्रकोष्ठ जिला संयोजक सह संयोजक अभियान जिला संयोजक सह संयोजक, कार्यक्रम प्रभारी सेवा पखवाड़ा सहित भाजपा वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## एथर एनर्जी ने एथर कम्युनिटी डे पर ईएल पेश किया

**इंदौर.** इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी ने एथर कम्युनिटी डे 2025 के तीसरे एडिशन में उत्पाद और टेक्नोलॉजी में हुए जबरदस्त विकास की घोषणा की. एथर ने अपने ऑल-न्यू ईएल प्लेटफॉर्म का अनावरण भी किया. यह 450 के बाद पेश किया गया एथर का पहला वाहन प्लेटफॉर्म है. ईएल प्लेटफॉर्म का विकास बहुउपयोगिता, विस्तार और कीमत के अनुकूलन के लिए किया गया है. इसके साथ विभिन्न सेगमेंट्स में एथर स्कूटरों की एक नई जनरेशन शुरू होगी, जो भारतीय राईडर्स के लिए परफॉर्मेंस, विकल्पों और इनोवेशन के नए मानक स्थापित करेगी. एथर ने एथरस्टैक 7.0 भी पेश किया. इसमें स्कूटर के साथ संवाद आवाज के माध्यम से होगा. एथर एनर्जी के को-फाउंडर एवं सीईओ, तरुण मेहता ने कहा हमारा श्वरुप्लेटफॉर्म एथर के लिए विकास के अगले चरण की नींव तैयार कर रहा है. जहाँ 450 के साथ हमने पहले चरण की शुरुआत की थी, वहीं श्वरु हमारे नई पीढ़ी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों का प्लेटफॉर्म है, जो हमें अपने अगले स्कूटरों का विकास अधिक विस्तृत रूप में तथा ज्यादा एफिशियंसी के साथ करने में समर्थ बनाएगा. प्लेटफॉर्म पर केंद्रित इस दृष्टिकोण द्वारा तीव्र इनोवेशन, ज्यादा एफिशियंसी, शानदार सर्विस और बेहतर राईडर अनुभव सुनिश्चित हो सकेंगे.

# पान की दुकान से अज्ञात तीन बदमाशों ने रूपयों से भरा बेग उड़ाया

### पुलिस ने सीसीटीवी केमरे खंगाले कोई सुराग नहीं

**बाग - मुख्य बाजार में स्तिथ एक पान की दुकान से अज्ञात बदमाशो ने रुपयों से भरा बेग उड़ाया । बदमाश गुटका पाउच लेने के लिए आए थे पलक झपकते ही चोरी की वारदात को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गये ।**

घटना दिनांक 8 सितंबर 2025 सुबह 10/30 बजे के लगभग की है दुकान संचालक दामोदर मालवी रोज की तरह सुबह अपनी दुकान पर आए और अपने साथ रुपयों का बेग भी लाए उनके द्वारा बताया गया की इतने में तीन अज्ञात लोग ग्राहक बनकर आए और उनके द्वारा मुझसे गुटके का पाउच मांगा और मुझे दौ सौ का नोट दिया सुबह सुबह खुल्ले पेसे बहार नहीं होने से मेने रुपये के बेग से उन्हें खुल्ले पेसे दिए । ओर फिर मेने पाउच निकालने उठा पाउच लाता इतनी देर में उन्होंने पेसो का रखा बेग जिसमें 65 हजार



रुपये थे जो सोमवार होने से व्यापारियों को देने थे । वो बेग लेकर बदमाश रफू चक्कर हो गये । इतने में दुसरा ग्राहक आया और उसे गुटका पाउच दिया जिसने मुझे पांच सो का नोट दिया तो फिर मेने बेग का ध्यान किया खुल्ले पेसे देने के लिए तो बेग वहां रखा नहीं मीला में हक्के बक्के हो गया इधर उधर ढूढा मगर बेग नहीं मिला मुझे तुरंत शंका हो गई तीन जो अज्ञात पहले सामान लेने आए थे वहीं दाल बता गये जिसकी सुचना मेने तुरंत बाग पुलिस को दी बाग पुलिस भी घटना स्थल तुरंत पहुंच गई । ओर घटना की पूछताछ करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी केमरे खंगाले मगर बदमाशो का कोई सुराग नहीं मिला । दुकानदार ने बाग पुलिस थाने पर शिकायत आवेदन दिया ।

### नगर के सीसीटीवी कैमरे दो वर्षों से बंद

नगर में जनसहयोग से मुख्य बाजार सहीत मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी केमरे लगाए गये थे । ताकि इस प्रकार की घटना पर बदमाश केमरे मे आजाए और उन्हें पकड़ने में आसानी हो जाए । मगर जनसहयोग से लगे ये केमरे थोडे ही दिनों में बंद हो गये उसके बाद फिर द्वारा आज दिनांक तक वो केमरे नहीं लगे । खेर इसे फिर जनसहयोग के माध्यम से केमरे लगाने का कार्य किया जाएगा

10

# अन्नदान के साथ रक्तदान समाज में एक नई पहल : रक्त मित्र



**बदनावर**. किसी की स्मृति मे उसकी तेरहवी पर अन्नदान कार्यक्रम के साथ रक्तदान समाज मे एक नई पहल एवं नवाचार है, जब हम उसकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाकर किसी को नया जीवन देकर मृतात्मा को सच्ची श्रद्धांजली दे सकते है । उक्त विचार सामाजिक कार्यकर्ता रक्त मित्र सुजीत धोडपकर ने ग्राम बालोदा तहसील बदनावर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ढोलाना के उपखंड कार्यवाह एवं कार्यकर्ता स्व.श्रवणसिह भंवरसिह राठौर के तेरवही पर उसकी स्मृति मे धार जिला रक्त कोष के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर व्यक्त किये । श्री सिर्वी समाज धर्मशाला मे आयोजित इस रक्तदान शिविर मे 87 लोगों ने रक्तदान कर स्व.श्री श्रवणसिह को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये । धार जिला रक्तकोष की ओर से डा.देवकरण सोलंकी, लेब टेक्नीशियन एस.आर. सोनार्थी, मंज गुजराती मेडम, पवन वर्मा एवं मनोहर रावत उपस्थित हुए । इस रक्तदान शिविर एक ही परिवार के पिता सत्यनारायण माता चंदाबाईएवं पुत्र ललित ने रक्तदान कर बहुत लोगो को रक्तदान हेतु प्रेरित किया । गांव की मातृशक्ति दुर्गा रामेश्वर सोलंकी, रेखा लोकेश सिर्वी, गीता लक्ष्मीनारायण सिर्वी ने रक्तदान कर अपनी श्रद्धांजली व्यक्त की । रक्तदान की प्रक्रिया देखकर कक्षा 8 वी के तेरह वर्षीय छात्र कृष्णपालसिह सोलंकी ने भी 卐म्हू भी खून दूंगा卐 के व्यक्तत्व के साथ रक्तदान की इच्छा जाहिर कर रक्तदान देने की इच्छा के बावजूद थोडा हिचकिचा रहे युवाओ को रक्तदान हेतु विवश कर दिया । लगभग पांच घंटे चले इस रक्तदान शिविर मे परिवार के साथ-साथ घनश्याम ,लोकेन्द्र,भीमसिह,राहुल डोडिया कानवन,टीकामसिह डोडिया, बलराम सिसोदिया,बद्री पाटीदार, लखन, अशोक, संजू, महिपाल, अर्जुन, ललित,घनश्याम सोहन का योगदान सराहनीय रहा । बहुत ही अल्प समय मे परिवार को इस पुनित कार्य हेतु तैयार कर सोशर्ला मडिया के माध्यम से सभी से संपर्क कर इस आयोजन को करने का संयोजन गोपाल माली ने किया ।



## 69 वीं शालेय राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के धार ताइक्कांडो 4 खिलाड़ी हुए चयनित

**धार.** 69वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 8 से 12 सितंबर 2025 - 26 को सागर में आयोजित होने जा रही है जिसमें धार जिले के चार बच्चों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है यह प्रतियोगिता अंडर 17 अंडर 14 बालक बालिकाओं के मध्य आयोजित की गई है जिसमें अंडर 14 में कर्तव्य पिता भगवान ठाकुर (गुरुकुल एकेडमी धार,) वैष्णवी पिता दीपक कुशवाह (सादलपुर एकेडमी , सादलपुर )वह अंडर 17 में शिवराज पिता श्रवण निनामा (कैंब्रिज अकैडमी धार )व दिव्यांशी पिता मनोज चौहान (स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस धार ) का चयन हुआ है । सभी खिलाड़ी कोच गगन सिंह के मार्गदर्शन में सागर के लिए रवाना हुए । धार ताइक्कांडो के अध्यक्ष प्रवीण तोमर व सभी पालकगण ने बच्चों को प्रोत्साहित किया वह पदक प्राप्त करने के लिए बधाइयां दी।

## सार्वजनिक नवरात्रि दुर्गा चौक उत्सव समिति के अध्यक्ष बने पवार और सचिव गुर्जर



**बदनावर.** नगर की नवरात्रि उत्सव में आस्था का केंद्र सार्वजनिक दुर्गा चौक नवरात्रि उत्सव समिति की वार्षिक बैठक स्थानीय संजोग गार्डन में रखी गई बैठक में नव उत्साह व नव उमंग के साथ यह 55वर्षीय उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया संस्थापक गिरिजाकांत जी उपाध्याय संरक्षक श्री राधेश्याम जी शर्मा सतनारायण जी शर्मा नरेंद्र द्विवेदी श्री उंकारलाल जी पवार कार्यक्रम संयोजक हुकुम सिंह सोलंकी अमित जैन धर्मेंद्र शर्मा अनुशंसा पर

इस बार पुन: जिम्मेदार और सजग अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार बापू को बनाया गया और साथ ही अनोखी लाल जी गुर्जर सचिव के रूप में पुन: मनोनीत किए गए ज्ञात रहे श्री बापू और श्री गुर्जर की जोड़ी विगत कई वर्षों से शानदार कार्यकाल हेतु पुन प्रभार सौंपा आप ही के कार्यकाल में समिति का भवन बनकर तैयार हुआ है ।

साथ ही कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में पंकज शर्मा और संतोष राव कोषाध्यक्ष गणेश शर्मा सह सचिव हेमंत पवार कार्यकारी अध्यक्ष मनीष ठाकुर और मनीष बैरागी को और प्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र सिंह जादौन नियुक्त किया गया उपस्थित सभी सदस्यों ने नई समिति के प्रमुखों का स्वागत किया इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष गणेश शर्मा ने वार्षिक लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया साथ ही आगामी नवरात्रि के बजट की योजना भी बनाई गई उपरोक्त जानकारी प्रेस प्रवक्ता भूपेंद्र सिंह जादौन ने दी

## पर्युषण पर्व पर उद्योगपति विनोद दोषी ने 10 उपवास की कठिन तपस्या की

***24 वर्षों से कर रहे हैं 10 दिवसीय उपवास***

**बाकानेर**-जैन धर्म में पर्युषण पर्व को आत्म शुद्धि और आत्म कल्याण के महापर्व के रूप में माना जाता है. इस पर्व के दौरान श्रद्धालु 10 दिनों तक मंदिरों में जाकर देव दर्शन, पूजा-अर्चना, और शांति धारा के साथ 10 लक्षण धर्म की पूजा कर रहे हैं.





## राजपूत समाज के युवाओं ने किया पगड़ी रस्म में नवाचार ली शिक्षा की जिम्मेदारी

**बदनावर। समाज में शिक्षा और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए बदनावर राजपूत समाज के 27 युवाओं ने एक अनूठी पहल की। स्व. श्रवण सिंह राठौर के पगड़ी कार्यक्रम में युवाओं ने मिलकर 100000 की राशि एकत्र की और इसे उनके पुत्र को आशीर्वाद स्वरूप भेंट किया। स्व. श्रवण सिंह राठौर का मानना था कि यदि किसी परिवार में पिता का असामयिक निधन हो जाए तो बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर कभी असर नहीं पड़ना चाहिए। समाजजन को मिलकर शिक्षा की जिम्मेदारी उठाना ही सबसे बड़ा सहयोग है। इन्हीं विचारों को संकल्प मानकर राजपूत समाज के युवाओं ने इस नवाचार को मूर्त रूप दिया।**

समाज के वरिष्ठ सदस्य भूपेंद्र सिंह जादौन, एवं डॉ गोपाल सिंह ठाकुर जितेंद्र सिंह सिसोदिया, युवा राजपूत संगठन अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कनवासा तूफ़ान सिंह चंदेल धर्मपाल सिंह पंवार ने बताया की



राजपूत समाज के युवाओं द्वारा किया गया यह नवाचार न केवल दिवंगत श्रवण सिंह राठौर को सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि अन्य समाजों और संगठनों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। ऐसी पहलें आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित समाजजन ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह सहयोग केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि स्व. राठौर के विचारों को आगे बढ़ाने की सच्ची श्रद्धांजलि है। यह राशि उनके बेटे की पढ़ाई और भविष्य में शिक्षा संबंधी जरूरतों के लिए उपयोग में लाई जाएगी ।स्व. श्रवण सिंह राठौर सच्चे राष्ट्रप्रेमी, पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवा की भावना से ओतप्रोत व्यक्ति थे। उनके व्यक्तित्व और विचारों से प्रेरित होकर युवाओं ने जिस तरह इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाया है, वह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है।

## उत्तम क्षमा के साथ पर्युषण पर्व का समापन, दिगंबर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

**बाकानेर**- तप त्याग संयम और आत्म शुद्धि के पर्व पर्युषण का उत्तम क्षमा के साथ समापन हो गया सोमवार को स्थानीय दिगंबर जैन समाज ने पर्व के अंतिम दिवस श्रीजी की विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली समाज के पूरब काला ने बताया कि दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई ।इस दौरान समाज के महिला पुरुष सहित बच्चे भी शामिल हुए शोभायात्रा में पुरुष श्री जी की भक्ति से ओतप्रोत भजन करते चल रहे थे वहीं दूसरी तरफ महिलाएं भी भजनों पर थिरक रही थी चल समारोह में




महिलाओं एवं पुरुष पीले रंग की वेषभुषा में शामिल हुए जगह-जगह समाज जनों ने शोभायात्रा का स्वागत कर श्री जी की आरती भी उतरी समाज के लोगों ने एक दूसरे को उत्तम क्षमा बोलकर विगत वर्ष में हुई गलतियों की क्षमा मांगी ।

एक नजर


### जब्त की गई शराब की कीमत दो लाख रूपए आंकी जा रही है

# शराब से भरा पिकअप वाहन पुलिस ने पकड़ा, 53 पेटी शराब की जब्त

**बाग** - मुखबिर की सुचना पर बाग पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब से भरी पिकअप वाहन को पकड़ा मुखबिर ने सुचना देते हुए बताया कि पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 11जी 4573 में अवैध शराब भरकर टांडा रोड़ की तरफ जा रही है । वेसे ही बाग पुलिस ने वाहन का पिछा किया जो पूराने जीएमसी के सामने करीब बाग से दो किलोमीटर तक पिछा करते हुए वाहन को पकड़ लिया । पिकअप में 40 पेंटी



माउंट बीयर,5 पेटी गोआ व्हिस्की,6 पेंटी लंदन प्राइड



और दौ पेंटी देशी शराब कि भी मिली इस तरह कुल 53 पेटी में 595 बल्क लीटर अवैध शराब वाहन में बरामद हुई हैं । जप्त कि गई शराब की कीमत 2 लाख रुपये आंकी जा रही है । साथ ही महिन्द्रा पिकअप वाहन कि कीमत 5 लाख रुपये है । बाग पुलिस ने वाहन चालक बदरु उर्फ बदरसिह निवासी बाकी को गिरफ्तार किया है जिस पर बाग पुलिस ने आबकारी एक्ट कि धारा 34/2 के तहत मामला दर्ज कर लिया है । तथा आगे आरोपी से बाग पुलिस की पूछताछ जारी है।